Rajasthan University of Health Sciences
राजस्थानस्वास्थ्य विज्ञानविश्वविद्यालय
कुम्भामार्ग, सेक्टर–18, प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर–302033
Sector-18, KumbhaMarg, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur-302033
Ph.:0141-2795527, Website: www.ruhsraj.org, Email: entranceruhs@yahoo.com

एफ–11( )/प्रवेश एवं भर्ती परीक्षा सैल/राज.स्वा.वि.वि/2025/35613 दिनांकः–06/03/2025

संशोधित प्रवेश विज्ञप्ति शैक्षणिक सत्र 2025–26 के स्नातक पाठ्यक्रम

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के संघटक तथा सम्बद्ध राजकीय/स्व–वित्त पोषित/निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों में संचालित निम्नलिखित स्नातक पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा–2025 के आधार पर किये जाने सम्बन्धी जारी पूर्व विज्ञप्ति क्रमांक 35022 दिनांक 28/02/2025 के सन्दर्भ में अभ्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये अनेकों प्रतिवेदन/अभ्यावेदन, आवेदन करने हेतु समय के अभाव, नीट हेतु अभ्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों की अनिवार्यता, नीट सिलेबस व आर.यू.एस.एस. प्रवेश परीक्षा के सिलेबस की भिन्नता, नीट परीक्षा की तैयारी हेतु समय की कमी एवं दूर–दराज के विद्यार्थियों को नीट आवेदन करने में हो रही परेशानियों तथा इन्टरनेट सुविधाओं में कमी जैसी समस्याओं के दृष्टिगत छात्र हित में स्थगित की जाती है।

शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु प्रवेश राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व की भांति आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से निम्नानुसार संपादित की जावेगीः–

Name of Course(s)	Mode of Admission
(1) B.Sc. Nursing Course **(2) Bachelor of Physiotherapy (BPT) Course** **(3) Paramedical UG Courses** (i) Bachelor of Radiation Technology (BRT) (ii) Bachelor of Medical Lab. Technology (B.Sc. MLT)	राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं के स्तर पर गत शैक्षणिक सत्रों की भांति आयोजित की जाने वाली सम्बन्धित पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षाओं में अभ्यार्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर तथा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन काउन्सलिंग प्रक्रिया के माध्यम से अभ्यार्थियों की मेरिट–कम–च्वाईस (Merit-cum-choice) के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी।

महत्त्वपूर्ण नोटः–

- इसके साथ ही अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के आगामी शैक्षणिक सत्र 2026–27 से उक्त स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा–2026–27 के प्राप्तांकों के आधार पर अभ्यार्थियों की मेरिट–कम–च्वाईस (Merit-Cum-Choice) के अनुसार किया जायेगा।
- आगामी शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय के उक्त स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अभ्यार्थियों को नीट यूजी प्रवेश परीक्षा–2026–27 में सम्मिलित होना अनिवार्य है। नीट यूजी प्रवेश परीक्षा–2026–27 में सम्मिलित हुये बिना विश्वविद्यालय के उक्त स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं मिलेगा।
- विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु सभी स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं तथा ऑनलाईन काउन्सलिंग के सम्बन्ध में अद्यतन/अपडेट सूचनाओं के लिए अभ्यार्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ruhsraj.org** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे।

कुलसचिव